रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 181] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 4, 2017/वैशाख 14, 1939
No. 181] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 4, 2017/VAISAKHA 14, 1939

महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय

(संसद के अधिनियम अंतर्गत स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)

अधिसूचना

मोतिहारी, 29 अप्रैल, 2017

सं. 11–1/एमजीसीयूबी/जीए/2016/1187.—यह सूचित किया जाता है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 28 और विश्वविद्यालय परिनियम की 37वीं संविधि में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् ने अध्यादेश संख्या 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 का निर्माण किया है।

विश्वविद्यालय परिनियम की संविधि 37 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत जो अध्यादेश नीचे प्रस्तुत हैं, वे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के तुरंत बाद प्रभावी होंगे।

अध्यादेश संख्या 9

कुलसचिव की सेवा परिलब्धियाँ निबंधन एवं शर्तें तथा कार्य एवं उत्तरदायित्व

1. कुलसचिव एक पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा जो इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति की संस्तुति पर सीधी नियुक्ति के आधार पर पाँच वर्षो के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिन्हें कार्य परिषद् द्वारा एक समरूप अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है (चयन प्रकिया के समुचित अनुपालन उपरांत) और इन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यथा संस्तुत और समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा यथा अंगीकृत वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

   तथापि प्रथम कुलपति की नियुक्ति कुलाध्यक्ष (विजीटर) द्वारा की जायेगी और वह तीन साल की समयावधि के लिए अपने कार्यालय में सेवारत रहेगा।

   आगे यह कि कुलसचिव बासठ वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाएगा।

2. यदि कुलसचिव सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्थान से प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया जाता है, उसकी सेवा की निबंधन और शर्तें भारत सरकार की प्रतिनियुक्ति नियमों से शासित होगा । आगे यह कि कुलपति की संस्तुति पर कार्य परिषद् द्वारा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कुलसचिव का निर्धारित अवधि से पहले प्रत्यावर्तन किया जा सकता है।

3. जब कुलसचिव का पद रिक्त हो अथवा जब कुलसचिव रूग्णता, अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारण से अपने पद पर कार्य निष्पादन में असमर्थ हों तो उसके पद के कार्यों का निष्पादन किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो कुलपति द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया जाएगा।

4. कुलसचिव को असज्जित आवास की पात्रता होगी जिसके लिए यथाप्रयोज्य आवास की श्रेणी के लिए निर्धारित लाइसेंस फी (शुल्क) का भुगतान करना होगा।

5. कुलसचिव की सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित की जाएँगी।

6. कुलसचिव को अध्यापकों और अन्य शैक्षणिक कर्मियों को छोड़कर कार्य परिषद् के आदेश में यथा विनिर्दिष्ट ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने, जाँच पूरा होने तक निलंबित करने, उन्हें चेतावनी देने अथवा उन पर निंदा दंड अधिरोपित करने या वेतनवृद्धि रोकने का अधिकार होगा। परंतु यह कि :

(क) कोई भी ऐसा दंड तब तक अधिरोपित नहीं किया जाएगा जब तक उस कर्मचारी को उसके संबंध में प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं किया जाता।

(ख) उप–खंड (क) में विनिर्दिष्ट दंड अधिरोपित करते हुए कुलसचिव के किसी आदेश के विरुद्ध कुलपति को अपील की जा सकती है।

(ग) जहाँ जाँच से यह प्रकट होता है कि आरोपित होने वाला दंड कुलसचिव की शक्ति से बाहर है, जाँच के समापन पर कुलसचिव संस्तुतियों के साथ कुलपति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। आगे यह कि कुलपति के आदेश से अधिरोपित दंड के विरुद्ध कार्य परिषद् को अपील की जा सकती है।

7. कुलसचिव कार्य परिषद् और शैक्षणिक परिषद् का पदेन सचिव होगा, लेकिन इन दोनों प्राधिकरणों का सदस्य नहीं होगा और कुलसचिव कोर्ट का पदेन सदस्य सचिव होगा ।

8. कुलसचिव का कर्तव्य होगा कि :

(क) रिकार्ड, सामान्य मोहर और कार्य परिषद् द्वारा कुलसचिव को सुपुर्द की गई विश्वविद्यालय की अन्य संपत्ति का अभिरक्षण करना।

(ख) कोर्ट, कार्य परिषद, शैक्षणिक परिषद् और इन प्राधिकरणों द्वारा नियुक्त समितियों की बैठकों को बुलाने संबंधी सभी नोटिसों को जारी करना ।

(ग) कोर्ट, कार्य परिषद, शैक्षणिक परिषद् और इन प्राधिकारियों द्वारा नियुक्त किन्हीं समितियों की सभी बैठकों के कार्यवृत्तांत का रिकार्ड रखना ।

(घ) कोर्ट, कार्य परिषद् और शैक्षणिक परिषद् के कार्यालयी पत्राचारों संबंधी कार्य का संचालन ।

(ड.) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों की बैठकों की कार्यसूची को (उसके जारी होने के तुरंत बाद) और कार्यवृत्ति को अवलोकनार्थ कुलाध्यक्ष (विजिटर) के पास भेजना।

(च) विश्वविद्यालय द्वारा दर्ज़ अथवा इसके विरुद्ध वादों या कार्यवाहियों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना, मुख्तारनामों पर हस्ताक्षर करना और अभिवचनों का सत्यापन करना अथवा इस उद्देश्य के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करना, और

(छ) ऐसे अन्य कार्यों का निष्पादन जो परिनियमों, अध्यादेशों या विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट हो अथवा कार्य परिषद् या कुलपति द्वारा समय–समय पर यथा अपेक्षित किया गया हो ।

*****

अध्यायदेश संख्या 10

वित्त अधिकारी की सेवा परिलब्धियाँ, निबंधन एवं शर्तें

1. वित्त अधिकारी एक पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा जो इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति की संस्तुति पर सीधी भर्ती के आधार पर पाँच वर्षों के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसकी नियुक्ति को कार्य परिषद् द्वारा एक समरूप अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकता है (चयन प्रकिया के समुचित अनुपालन उपरांत) और इन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यथा संस्तुत और समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा यथा अंगीकृत वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

तथापि प्रथम वित्त अधिकारी की नियुक्ति कुलाध्यक्ष (विजीटर) द्वारा की जायेगी और वह तीन साल की समयावधि के लिए अपने कार्यालय में सेवारत रहेगा।

2. ज्ञातव्य है कि वित्त अधिकारी बासठ वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाएगा।

3. जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो अथवा जब वित्त अधिकारी रूग्णता, अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारण से अपने पद पर कार्य निष्पादन में असमर्थ है तो उसके पद के कार्यों का निष्पादन किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो कुलपति द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया जाता है।

4. यदि वित्त अधिकारी सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्थान से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाता है, तो उनकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार की प्रतिनियुक्ति नियमों से शासित होंगे। आगे यह कि कुलपति की संस्तुति पर कार्य परिषद् द्वारा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त वित्त अधिकारी का निर्धारित अवधि से पहले प्रत्यावर्तन किया जा सकता है।

5. वित्त अधिकारी की सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित की जाएँगी।

6. वित्त अधिकारी को असज्जित आवास की पात्रता होगी जिसके लिए यथाप्रयोज्य मकान की श्रेणी के लिए निर्धारित लाइसेंस फी (शुल्क) का भुगतान करना होगा।

7. वित्त अधिकारी की सेवा, छुट्टी, भत्ता, भविष्य निधि और अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभों के निबंधन और शर्तें वही होंगे जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित किए जाएँगे।

8. वित्त अधिकारी वित्त समिति का पदेन सदस्य् होगा, लेकिन इस समिति का सदस्य नहीं होगा।

9. वित्त अधिकारी द्वारा :

(क) विश्वविद्यालय की निधियों का सामान्य पर्यवेक्षण किया जाएगा और विश्वविद्यालय की वित्तीय नीति के संबंध में विश्वविद्यालय को सलाह दी जायेगी ।

(ख) कार्य परिषद् अथवा कुलपति द्वारा सौंपे गए या परिनियम अथवा अध्यादेश द्वारा यथा निर्धारित अन्य वित्तीय कार्यों का उसके द्वारा निष्पादन किया जाएगा।

10. कार्य परिषद् के नियंत्रणाधीन वित्त अधिकारी के निम्नालिखित दायित्व भी होंगे –

(क) विश्वविद्यालय के ट्रस्ट (न्यास) और दयानिधि संपत्ति सहित सभी संपत्तियों और निवेशों को संचालित और प्रबंधित करना।

(ख) यह सुनिश्चित करना कि कार्य परिषद् द्वारा एक वर्ष के लिए निर्धारित आवर्ती और गैर–आवर्ती ब्याज सीमा से अधिक न हो और सभी धनों का व्यय उन्हीं उद्देश्यों के लिए हो जिनके लिए उन्हें स्वीकृत या आबंटित किया जाता है।

(ग) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखाओं और बज़ट के निर्माण के लिए और कार्य परिषद् में इनकी प्रस्तुति का उत्तरदायित्व उस पर होगा।

(घ) नगद और बैंक शेष की स्थिति और निवेशों की स्थिति पर सतत् निगरानी रखना।

(ड.) राजस्व संग्रहण की प्रगति पर निगरानी रखना और प्रयोग में लाए जा रहे संग्रहण तरीकों पर सलाह देना।

(च) यह सुनिश्चित करना कि भवनों, भूमि, फर्नीचर और उपकरणों के रजिस्टरों का अद्यतन रखरखाव किया जाए और सभी कार्यालयों, विभागों, केन्द्रों और विशेषीकृत प्रयोगशालाओं के उपकरणों और अन्य उपभोग्य सामग्री के स्टॉक की जाँच की जाए।

(छ) अप्राधिकृत व्यय और अन्य वित्तीय अनियमितताओं को कुलपति की सूचना में लाना और चूक करने वाले कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का सुझाव देना, और

(ज) किसी कार्यालय, विभाग, केंद्र, प्रयोगशाला, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित संस्थान से सूचना अथवा विवरणी, जो वह अपने कार्य निष्पादन के लिए आवश्यवक समझे, की माँग करना।

11. वित्त अधिकारी द्वारा अथवा कार्य परिषद् द्वारा इसके लिए विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा विश्वविद्यालय को देय किसी धन के लिए दी गई रसीद के एवज में समुचित भुगतान अर्जित किया जाना।

अध्यादेश संख्या 11

परीक्षा नियंत्रक की सेवा परिलब्धियाँ, निबंधन एवं शर्तें

1. परीक्षा नियंत्रक पाँच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी नियुक्ति इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति की सिफारिशों पर सीधी भर्ती के आधार पर होगी। यह पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा। इसकी नियुक्ति को कार्यकारी परिषद् द्वारा समान अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है (चयन प्रक्रिया के समुचित अनुपालन उपरांत)। उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यथा संस्तुत और समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा यथा अंगीकृत वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

2. परंतु यह कि परीक्षा नियंत्रक बासठ वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाएगा।

3. जब परीक्षा नियंत्रक का पद रिक्त हो अथवा जब वित्त अधिकारी रूग्णता, अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारण से अपने पद पर कार्य निष्पादन में असमर्थ है तो पद के कार्यों का निष्पादन किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो कुलपति द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया जाएगा।

4. यदि परीक्षा नियंत्रक सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्थान से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाता है, तो उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार की प्रतिनियुक्ति नियमों से शासित होंगे। आगे यह कि कुलपति की संस्तुति पर कार्य परिषद् द्वारा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त वित्त अधिकारी का निर्धारित अवधि से पहले प्रत्यावर्तन किया जा सकता है।

5. जहाँ इस विश्वविद्यालय या किसी अन्य संस्थान/सरकार और इसके संगठनों के किसी कर्मचारी को परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया जाता है, तो वह परीक्षा नियंत्रक के रूप में नियुक्ति के पूर्व जिस सेवानिवृत्ति हितलाभ योजना की पात्रता रखता था, उसी योजना (जैसे सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/पेंशन/उपदान (ग्रेच्युटी)/स्थानांतरण यात्रा भत्ता) से शासित होता रहेगा, और तब तक जारी रहेगा जब तक वह उस पद पर अपना पुनर्ग्रहणाधिकार जारी रखता है।

6. परीक्षा नियंत्रक को असज्जित आवास की पात्रता होगी जिसके लिए यथाप्रयोज्य मकान की श्रेणी के लिए निर्धारित लाइसेंस फी (शुल्क) का भुगतान करना होगा।

7. परीक्षा नियंत्रक की सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित की जाएँगी।

8. परीक्षा नियंत्रक की सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित किया जाएगा।

9. परीक्षा नियंत्रक संबद्ध अध्यादेशों द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार विश्वविद्यालय की परीक्षाओं का व्यवस्थापन और अधीक्षण करेगा।

10. अधिनियम, परिनियम और अध्यादेश के प्रावधानों के अधीन परीक्षा नियंत्रक उन कर्तव्यों और कार्यों का निष्पादन करेगा जो कार्य परिषद् अथवा कुलपति द्वारा समय–समय पर परीक्षा नियंत्रक को सौंपा जाए।

अध्यादेश संख्या 12

पुस्तकालय अध्यक्ष की सेवा परिलब्धियाँ, निबंधन एवं शर्तें

1. पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति की सिफारिशों पर सीधी भर्ती के आधार पर होगी। यह पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा। इसकी नियुक्ति को कार्यकारी परिषद् द्वारा समान अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यथा संस्तुत और समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा यथा अंगीकृत वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

2. पुस्तकालय अध्यक्ष को केंद्र सरकार द्वारा यथा संस्तुत और समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा यथा अंगीकृत वेतनमान और भत्तें प्रदान किये जाएंगे।

3. पुस्तकालय अध्यक्ष की सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित किया जाएगा।

4. यदि पुस्तकालय अध्यक्ष सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्थान से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाता है, तो उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार की प्रतिनियुक्ति नियमों से शासित होंगे। आगे यह कि कुलपति की संस्तुति पर कार्य परिषद् द्वारा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त वित्त अधिकारी को निर्धारित अवधि से पहले प्रत्यावर्तन किया जा सकता है।

5. पुस्तकालय अध्यक्ष को असज्जित आवास की पात्रता होगी जिसके लिए यथाप्रयोज्य मकान की श्रेणी के लिए निर्धारित लाइसेंस फी (शुल्क) का भुगतान करना होगा।

6. पुस्तकालय अध्यक्ष की सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के गैर–अवकाशी कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित की जाएँगी।

7. पुस्तकालय अध्यक्ष संबद्ध अध्यादेशों द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों का व्यवस्थापन और अधीक्षण करेगा।

8. अधिनियम, परिनियम और अध्यादेश के प्रावधानों के अधीन परीक्षा नियंत्रक उन कर्तव्यों और कार्यों का निष्पादन करेगा जो कार्य परिषद् अथवा कुलपति द्वारा समय–समय पर पुस्तकालय अध्यक्ष को सौंपे जाएँगे।

अध्यादेश संख्या 13

शिक्षकों और अन्य अकादमिक कर्मचारियों के लिए सेवा और आचार संहिता के नियम और शर्तें

1. विश्वविद्यालय के शिक्षकों से तात्पर्य प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों या असिस्टेंट प्रोफेसरों और अन्य लोगों से है जिन्हें विश्वविद्यालय में या विश्वविद्यालय द्वारा पोषित किसी भी कॉलेज या संस्था में अनुदेश प्रदान करने या शोधपरक कार्यों में सेवा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया जाता है और जो अध्यादेशों के द्वारा शिक्षकों के रूप में मनोनीत किये जाते हैं।

2. विश्वविद्यालय का एक शिक्षक, विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी कर्मचारी होगा और अपना पूरा समय वह विश्वविद्यालय की सेवा में लगाएगा/लगाएगी और अपने स्थान पर किसी सम्मानित, अभ्यागत, अंशकालिक और तदर्थ शिक्षकों को शामिल नहीं करेगा/करेगी।

   (क) कार्य परिषद् की अनुमति के बिना विश्वविद्यालय का कोई भी शिक्षक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वेतन या मानदेय से जुड़े, अन्य किसी व्यवसाय या व्यापार में या निजी ट्यूशन में या अन्य किसी भी कार्य में संलग्न नहीं होगा/होगी।

(ख) आगे सूच्य है कि कुलपति की आज्ञा से, शिक्षकों को विश्वविद्यालय की परीक्षा से संबंधित, या शैक्षणिक संस्था, लोक सेवा आयोग, अन्य साहित्यिक कार्य, प्रकाशन रेडियो/टेलीविजन वार्ता, विस्तृत व्याख्यान या, अन्य अकादमिक कार्य, करने की अनुमति होगी।

(ग) आगे कहा गया है कि शिक्षकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार अनुसंधान, प्रकाशन, परामर्श और प्रबंधन, कार्यकारी विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से सहभागी होने के लिए, विश्वविद्यालय के पूर्व अनुमोदन से, प्रोत्साहित किया जाएगा।

कर्तव्यों के प्रकार—

3. संपर्क घंटी की अवधि में शिक्षकों के काम का बोझ, परिसर में उपस्थिति और शिक्षण, शोध, परीक्षा, मूल्यांकन, पाठ्यक्रम विकास, एवं अध्ययन की तैयारी से संबंधित गतिविधियाँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार होगी।

4. शैक्षणिक संगठनों, निर्धारित अध्ययनों के पाठ्यक्रम और प्रभावी शिक्षण से जुड़े अन्य कार्य जैसे विकास, पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम, प्रयोगाशला और क्षेत्रीय कार्य, ट्यूटोरियल छात्रों की परीक्षा और मूल्यांकन से संबंधित कार्य, कक्षा में अनुशासन का रख रखाव छात्रों के कल्याण से संबंधित कार्य इत्यादि शिक्षकों के प्राथमिक कर्तव्य होंगे।

5. अध्ययन के नियोजित पाठ्यक्रमों के शिक्षण के अतिरिक्त शिक्षकों से उम्मीद की जाती है कि वे शोध प्रकाशन, विकास, अकादमिक संस्कृति आदि को बढ़ावा देने में अत्यन्त सच्चे मन से और उत्सुकता से सर्वश्रेष्ठ बौद्धिक परंपराओं में सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे।

6. शिक्षक विश्वविद्यालय के विभाग, (बोर्ड ऑफ स्टडीज) स्कूल बोर्ड, शैक्षणिक परिषद और कार्य परिषद् के निर्णय मानने को बाध्य होंगे और वे संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष के सामान्य दिशा, निर्देशन और पर्यवेक्षण के अन्तर्गत कार्य करेंगे।

7. प्रत्येक शिक्षक, समय—समय पर बनने वाले, अधिनियम के पत्रों और अध्यादेशों के अनुसार विश्वविद्यालय की अनिवार्य गतिविधियों में भाग लेगा और अपने कर्तव्यों का पालन करेगा। हर शिक्षक विश्वविद्यालय की ऐसी गतिविधियों में भाग लेगा और विश्वविद्यालय में इस तरह के कर्तव्यों का पालन करेगा, जैसा कि अधिनियम, पत्र और अध्यादेशों के अनुसार, जो समय—समय पर बनते हैं, उसके लिए आवश्यक होगा।

8. प्रत्येक शिक्षक विश्वविद्यालय में एक शिक्षक के रूप में नियुक्त होगा और किसी विशेष स्कूल/विभाग/केन्द्र में उसकी वर्तमान नियुक्ति विश्वविद्यालय की वर्तमान जरूरत और आवश्यकता के अनुसार होगी। विश्वविद्यालय अपने स्कूलों/विभागों और केन्द्रों को बदलती जरूरतों, आवश्यकताओं और परिस्थितियों के आधार पर स्थापित करने, रद्द करने, पुनः संयोजित करने और पुनर्नामित करने का अधिकार रखेगा और विश्वविद्यालय के सर्वोत्तम हित के अनुसार, किसी भी समय शिक्षकों की नियुक्ति, नियुक्ति का स्थान बदल देगा।

परिवीक्षा (परख अवधि)

9. शिक्षकों को आमतौर पर बारह महीनें की अवधि के लिए परिवीक्षा (परख अवधि) पर नियुक्त किया जाएगा, लेकिन किसी भी स्थिति में परिवीक्षा की कुल अवधि 24 महीनें से अधिक नहीं होगी। अधिनियम 19 के अन्तर्गत आने वाली शर्तों के अनुसार कार्य परिषद् द्वारा नियुक्त शिक्षकों पर परिवीक्षा की शर्तें लागू नहीं होगी।

सत्यापन (पुष्टिकरण)

10. यह कुलसचिव का दायित्व होगा कि वह शिक्षक के परिवीक्षा (परख अवधि) के सत्यापन पत्र का कागज, कार्य परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करें, परिवीक्षा की अवधि समाप्त होने के 40 दिन पहले।

11. कार्य परिषद् के पास यह अधिकार होगा कि वह शिक्षक की नियुक्ति सुनिश्चित करेगा या उसे सुनिश्चित नहीं करेगा या उसके परिवीक्षा की अवधि को बढ़ायेगा, लेकिन परिवीक्षा की अवधि किसी भी स्थिति में 24 महीनें से ज्यादा नहीं हो सकती। आगे सूच्य है कि शिक्षक की नियुक्ति का सत्यापन न करने का निर्णय कार्य परिषद् के उपस्थित सदस्यों और वोटिंग करने वाले सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से पारित कराना होगा।

12. यदि कार्य परिषद् ने एक शिक्षक की नियुक्ति को, उसकी परिवीक्षा के 24 महीने की अवधि समाप्त होने के पहले, या परिवीक्षा की विस्तारित अवधि के अंत से पहले, या जो भी मामला हो सत्यापित नहीं करने का फैसला किया हैं, तो उस शिक्षक को इसकी लिखित सूचना तत्काल प्रभाव से उस अवधि की समाप्ति के 30 दिन के भीतर दी जाएगी।

वेतन वृद्धि

13. प्रत्येक शिक्षक के वेतन में वृद्धि नियमों के अनुसार होगी, जब तक कि कार्य परिषद् के निर्णय द्वारा इसे रोका या स्थापित न किया जाए। एक शिक्षक जिसकी वेतन वृद्धि को स्थगित या रोकने का प्रस्ताव रखा गया है उसे अपनी बातें लिखित रूप में रखने का अवसर दिया जाएगा।

करियर एडवांसमेन्ट द्वारा पदोन्नति

14. विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसरों/एसोसिएट प्रोफेसरों/प्रोफेसरों की पदोन्नति, करियर एडवांसमेन्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रचलित और समय–समय पर संशोधित मानकों/अधिनियमों के द्वारा अनुदेशित होगी।

सेवानिवृत्ति की उम्र

15. अधिनियम 25 के प्रावधान के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में स्थायी पद पर चयनित शिक्षक तब तक अपनी सेवा जारी रखेगा जब तक भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर निर्धारित सेवानिवृत्ति की उम्र प्राप्त न कर ले।

(क) परन्तु यदि किसी शिक्षक की सेवानिवृत्ति की समय सीमा शैक्षणिक सत्र के दौरान ही समाप्त हो जाती है तो, इस बात को ध्यान में रखकर कि एक विभाग/केन्द्र का शिक्षण कार्य बाधित न हो, कार्य परिषद्, कुलपति की संस्तुति से, उस शिक्षक को शैक्षणिक सत्र के अंत तक की किसी भी अवधि तक के लिए पुनर्नियुक्त कर सकता है।

(ख) परन्तु विशेष मामलों में एक शिक्षक के सेवानिवृत्ति हो जाने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर इस संबंध में जारी किए गये नियमों के आधार पर पुनः उसे संविदा पर पुनर्चयनित किया जाएगा।

व्यावहारिक आचार संहिता

16. प्रत्येक शिक्षक विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर बनाये गये अधिनियमों कानूनों/अध्यादेशों, नियमों और विनियमों और आचार संहिता को मानने को बाध्य होगा।

(क) आगे सूच्य है कि एक शिक्षक की नियुक्ति के पश्चात उसके सेवा नियमों और शर्तों में उसके पदनाम, वेतनमान, वेतन वृद्धि, भविष्य निधि, सेवानिवृत्ति लाभ, सेवानिवृत्ति की आयु, परिवीक्षा की समाप्ति, अवकाश, अवकाश का वेतन और सेवानिवृत्ति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा ताकि उस पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

17. विश्वविद्यालय का प्रत्येक शिक्षक विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर बनायी गयी आचार संहिता का पालन करेगा। जहाँ तक सामान्य नियमों का संबंध है तो निम्नलिखित गलतियाँ/एक विश्वविद्यालय के शिक्षक के लिए संगठित कदाचार के रूप में आएंगी।

(क) कुलपति द्वारा, स्कूल बोर्ड द्वारा, संकायाध्यक्ष द्वारा, कोई बोर्ड ऑफ स्टटीज द्वारा या विभाग द्वारा सौपी गई जिम्मेदारियाँ जैसे अध्ययन के पाठ्यक्रमों को पढ़ाना, शोध पर्यवेक्षण करना या अन्य प्रशासनिक और सह पाठ्यचर्या परक गतिविधियों को करने से, शब्दों या कार्यों के माध्यम से अस्वीकार।

(ख) विश्वविद्यालय द्वारा उसे समय–समय पर सौंपी गई जिम्मेदारियों को निभानें में गलती करना या उपेक्षा करना या लापरवाही करना।

(ग) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों, शैक्षणिक संस्थाओं या पदाधिकारियों के निर्णय को मानने से अस्वीकार करना।

(घ) व्यक्तिगत और पेशेगत नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन न करना, शब्दों के प्रचलित अर्थों, व्याख्याओं और अभिव्यक्ति के अंतर्गत किसी तरह की साहित्यक चोरी में शमिल होना।

(ङ) निम्न गतिविधियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलग्नता–

(i) परिसर के शान्ति और सामंजस्यपूर्ण सामुदायिक जीवन को भंग करना और अन्य छात्रों कर्मचारियों और बाहरी लोगों को, छात्रों सहकर्मियों प्रशासन तथा परिसर के खिलाफ उकसाने में सहभागिता करना।

(ii) परिसर में सांप्रदायिकता घृणा और हिंसा फैलाना तथा जाति, पंथ, धर्म, जाति या लिंग पर अपमानजनक टिप्पणी करना।

(iii) ऐसे कामों और गतिविधियों में संलग्नता जो विश्वविद्यालय के हितों से टकराता हो।

(च) इन अध्यादेशों में निहित कोई भी बातें, अपने भाषण और लेखन में सार्वजनिक मंच पर या सेमिनारों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं में सिद्धांतों के विषय में अपने अलग मत व्यक्त करने के शिक्षक के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

त्यागपत्र

18. एक शिक्षक किसी भी समय विश्वविद्यालय को लिखित रूप में सूचना देकर या विश्वविद्यालय को तीन महीने का वेतन देकर विश्वविद्यालय के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर सकता है।

19. सूचना की अवधि, परिवीक्षार्थी, संविदात्मक, अस्थायी और तदर्थ शिक्षकों के संबंध में या उनके वेतन के संबंध में एक महीने की होगी।

20. आगे बताया गया है कि, कार्य परिषद् अपने विवेक पर इस सूचना की अनिवार्यता को छोड़ सकती है।

लिखित अनुबंध

21. केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की अधिदेशित धारा 33 (1) के अन्तर्गत, विश्वविद्यालय प्रत्येक के साथ एक लिखित अनुबंध करेगा जिसका प्रारूप इस अध्यादेश संलग्नक 1 में दिया गया हैं और जिसमें समय–समय पर सुधार होते रहते हैं।

भौक्षणिक दिवस, कार्यभार और अवका□ा के नियम

22. शैक्षणिक दिनों, कार्यभारों और अवकाश से संबंधित नियम और शर्ते, समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित होगी।

पुनर्नियुक्त पें□ान भोगियों के वेतन का निर्धारण–

23. भारत सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार।

□ाक्षकों का वरिष्ठता क्रम–

24. यह कुलसचिव का दायित्व होगा कि वह प्रत्येक श्रेणी के कर्मचारियों का जिन पर इस अध्यादेश की शर्ते लागू होती हैं, एक पूर्ण और तात्कालिक वरिष्ठता क्रम की सूची इस अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप तैयार करे और उसे व्यवस्थित करें।

25. शिक्षकों का वरिष्ठता क्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार निर्धारित होगा। शिक्षकों का वरिष्ठता क्रम निर्धारित करते समय निम्नलिखित सिद्धांतों को ध्यान में रखा जाएगा।

(क) हर वर्ग में वरिष्ठता क्रम का निर्धारण व्यक्ति के उस वर्ग में नियुक्ति के दिन से दी जाने वाली अनवरत सेवा के आधार पर होगा।

(ख) यदि चयन समिति द्वारा विश्वविद्यालय का कोई शिक्षक एक समान पद के लिए किसी दूसरे विभाग/केन्द्र, या विश्वविद्यालय के किसी स्कूल में नियुक्त किया जाता है/जाती हैं तो उसका वरिष्ठता क्रम विश्वविद्यालय में समान पद पर उसकी स्थायी नियुक्ति के दिन से गणना के आधार पर होगा।

(ग) यदि चयन समिति द्वारा एक ही दिन में दो या दो से अधिक शिक्षकों को चयनित किया जाता हैं तो चयन समिति के पास यह विशेषाधिकार होगा कि वह चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट के आधार पर उनका वरिष्ठता क्रम निर्धारित करें और यही आधार सेवा में उनका वरिष्ठता क्रम निर्धारित करने में भी प्रयुक्त होगा।

(घ) नियुक्त/पदोन्नत शिक्षकों के वरिष्ठता क्रम का निर्धारण करियर एडवांसमेंट योजना के अन्तर्गत तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस संबंध में निर्धारित दिशा निर्देशों/नियमों/और मानकों के अनुसार होगा। यदि करियर एडवांसमेंट स्कीम के अन्तर्गत किसी शिक्षक को दूसरे उच्च ग्रेड/पद में प्रोन्नत किया जाता है तो उस उच्च ग्रेड/पद में उनका वरिष्ठता क्रम उनके इस अगले ग्रेड/पद में प्रोन्नति के लिए पात्रता की तिथि सें माना जाएगा। यदि एक शिक्षक अभ्यर्थी प्रोन्नति से इंकार कर देता है तो उसका वरिष्ठता क्रम उनकी अगली योग्यता के तिथि से माना जाएगा।

(ङ) यदि किसी विशेष ग्रेड या पद पर दो या दो से अधिक व्यक्ति समान समय से कार्यरत हैं और किसी व्यक्ति की वरिष्ठता यदि संदेह के घेरे में है या प्रश्नांकित है तो कुलसचिव किसी व्यक्ति के परामर्श पर या अपनी तरफ से प्रस्ताव के आधार पर इस विष्शय को कार्य परिषद् को सौंप सकता है। कार्य परिषद् का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

(च) संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, अध्यपन केन्द्र के निदेशकों और विश्वविद्यालय द्वारा पोषित प्रधानाध्यापकों के मध्य वरिष्ठता क्रम का निर्धारण, उनके इन पदों पर नियुक्ति की तिथि के आधार पर निर्धारित होगा।

अस्थायी □ाक्षकों की नियुक्तियाँ–

26. अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति, स्थायी शिक्षकों के अवकाश ग्रहण करने के कारण रिक्त हुए पदों पर होंगी और निम्नलिखित नियमों द्वारा निर्धारित होंगी।

(क) असिस्टेंट प्रोफेसरों/एसोसिएट प्रोफेसरों/प्रोफेसरों के अवकाश ग्रहण करने के कारण रिक्त सीटें असिस्टेंट प्रोफेसरों के संवर्ग में भरी जाएंगी।

(ख) अधिनियम 18 (6) में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति के परामर्श से अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

(ग) अस्थायी शिक्षक, स्थायी शिक्षकों के स्वीकृत अवकाश की अवधि तक सेवा में रहेंगे। किसी भी स्थिति में अस्थायी रूप से नियुक्त व्यक्ति चयन समिति की संस्तुति के बिना अपनी अस्थायी अवधि के समाप्त हो जाने के बाद, सेवा में नहीं बना रहेगा या किसी अन्य पद/पदों में उसे समायोजित नहीं किया जाएगा।

(घ) एक अस्थायी शिक्षक जिसे अवकाश के दौरान कोई सरकारी काम करने से मना किया गया हो, वह उस अवधि में अर्जित की जाने वाली अपनी उपलब्धियों के समतुल्य भुगतान का अधिकारी होगा, और उसकी नियुक्ति अवकाश के अंत तक जारी रखी जाएगी। आगे कहा गया है कि उसने उस शैक्षणिक सत्र में न्यूनतम 180 दिनों तक काम किया हो और उस शैक्षणिक वर्ष के अंतिम दिन तक अपने पद पर नियुक्त रहा हो। लेकिन शर्त यह है कि इस अवधि में वह शिक्षक कही और पारिश्रमिक पर नियुक्त न हुआ हो।

(ङ) अस्थायी रूप से नियुक्त व्यक्ति भविष्य में विश्वविद्यालय की नियुक्तियों में प्राथमिकता या शिक्षकों की नियुक्ति में वरिष्ठता, या स्थायी नियुक्ति जैसे अधिकारों की माँग नहीं करेगा।

िक्षकों की पुनर्नियुक्ति–

27. कार्य परिषद्, विश्वविद्यालय के हित में, विश्वविद्यालय से सेवानिवृत, ज्ञान और अधिगम के क्षेत्र में पर्याप्त योगदान देने वाले किसी भी शिक्षक को, निम्नलिखित प्रक्रिया के अन्तर्गत पुनर्नियुक्त कर सकता है।

(क) विश्वविद्यालय का ऐसा शिक्षक जो पेंशन पर सेवानिवृत्त हो रहा है, अपनी पुनर्नियुक्ति की इच्छा, उचित माध्यम से अपनी सेवानिवृत्ति की अवधि से 6 महीने पहले कुलपति को बता सकता है।

(ख) संबंधित विभाग/संस्था के विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष अपनी संस्तुति के साथ इसे कुलपति को अग्रसारित करेंगे।

(घ) यदि किसी विभाग का विभागाध्यक्ष पुनर्नियुक्ति का इच्छुक है तो संबंधित विभाग का संकायाध्यक्ष अपनी टिप्पणी के साथ उसका आवेदन पत्र कुलपति को अग्रसारित करेगा।

(ङ) यदि किसी विभाग का संकायाध्यक्ष स्वयं पुनर्नियुक्त होने की इच्छा रखता है तो वह अपना आवेदन पत्र कुलपति को स्वयं देगा/देगी।

(च) पुनर्नियुक्ति का आवेदन पत्र निम्ननिलखित प्रकार का होगा–

(i) सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक का पूरा जीवनवृत्त, जिसमें प्रमुख रूप से अन्तिम पाँच वर्षों की उसकी अकादमिक और अन्य उपलब्धियों का लेखा जोखा, शिक्षण और शोध अनुभव संबंधित सम्मेलनों कार्यशालाओं/सेमिनारों/परिसवादों प्रकाशनों/परिचयों का विस्तृत ब्यौरा सम्मिलित होना चाहिए।

(ii) मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र। (विश्वविद्यालय स्वास्थ्य प्रमाण पत्र को विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य अधिकारी से सत्यापित कराने का अधिकार रखेगा)

(छ) पुनर्नियुक्ति की इच्छा रखने वाले शिक्षक का आवेदन पत्र प्रस्ताव और बायोडाटा पुनर्नियुक्ति के लिए प्राप्त हो जाने पर, कुलपति, संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष से या उसी विषय के अन्य किसी विषेशज्ञ से परामर्श करके, उस शिक्षक की पुनर्नियुक्ति के संबंध में अपने विचार का प्रस्ताव कार्य परिषद् के सामने विचार के लिए रखेगा।

(ज) कोई भी शिक्षक पुनर्नियुक्ति होने को अपना अधिकार नहीं मानेगा।

(झ) विश्वविद्यालय के शिक्षक की पुनर्नियुक्ति केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित समग्र समय सीमा के अंतर्गत होगी इसमें विस्तार का कोई प्रावधान नहीं होगा।

(ञ) पुनर्नियुक्ति को एक स्वस्थ अस्थायी नियुक्ति मानी जाएगा।

(ट) कार्य परिषद् स्वविवेक के आधार पर एक नव–नियुक्त शिक्षक की सेवा उसे एक महीने की लिखित सूचना देकर समाप्त कर सकता है।

(ठ) एक पुनर्नियुक्त शिक्षक विभागाध्यक्ष या संकायाध्यक्ष नहीं बन सकता ना ही वह विश्वविद्यालय का प्राधिकारी होगा और ना उसे कोई प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ दी जाएगी।

(ड) वेतन और अन्य सुविधाएँ, विश्वविद्यालय के शिक्षक को विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्धारित किए गये नियमों के अनुसार होगी।

अनुलग्नक – I

िक्षकों और अकादमिक कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित होने वाला अनुबंध प्रपत्र

[केंद्रीय विभवविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 22(3) अंतर्गत]

लिखित नियुक्ति अनुबंध

विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक एवं अकादमिक स्टाफ के प्रत्येक सदस्य की नियुक्ति एक लिखित संविदा पर होगी, जिसका प्रारूप एतद्द्वारा निर्धारित है और इस अध्यादेश में संलग्न हैः

यह अनुबंध 10 रुपये के गैर न्यायिक स्टांप पत्र पर टंकित किया जाना है और इसकी एक मूल प्रति और दो प्रतिलिपि प्रतियाँ प्रस्तुत की जानी हैं।

सेवा अनुबंध

इस सेवा अनुबंध के नियम भारतीय गणतंत्र के वर्ष 20..... की दिनांक ..... को निष्पादित होते हैं। यह सेवा अनुबंध ..... पुत्र श्री/पुत्री श्री/पत्नी श्री ..... जिनकी उम्र ..... है और जो ..... का/की निवासी है, (जिसे इस अनुबंध के तहत आगे प्रथम पक्ष कहा जायेगा) और महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार (जिसे इस अनुबंध के तहत आगे द्वितीय पक्ष कहा जायेगा और आगे इसके लिए विश्वविद्यालय पद ही संबोधन में काम आयेगा) के बीच निष्पादित होता है।

धारा 22 (1) के तहत प्रथम पक्ष .....संकाय अंतर्गत ..... विभाग में ..... के पद पर कार्यरत रहते हुए अग्रांकित निबंधनों और शर्तों के तहत द्वितीय पक्ष अर्थात् विश्वविद्यालय की सेवा करेगा। अब उपस्थित गवाह और पक्ष क्रमशः निम्नलिखित बिंदुओं पर अपनी सहमति व्यक्त करते हैं –

1. प्रथम पक्ष जिसको विश्वविद्यालय और प्राधिकारी के अधीन समय–समय पर उसे कार्य करना है, वह इनके आदेश मानेगा तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि (दिनांक) .....से यहाँ उपबंधित नियमों एवं शर्तों के अधीन सेवारत रहेगा।

2. प्रथम पक्ष अपना पूरा समय और ध्यान कुशलतापूर्वक और ध्यानपूर्वक अपने कर्तव्यों को पूरा करने में लगायेगा/लगायेगी और विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए निर्धारित उस आचरण संहिता समेत सभी नियमों का पालन करेगा/करेगी जो आचरण संहिता विश्वविद्यालय की उस शाखा से संबद्ध हो जिसके साथ प्रथम पक्ष संबद्ध है। प्रथम पक्ष को विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रदान किये गये कर्तव्यों का पालन भी करना पड़ेगा।

3. प्रथम पक्ष का पद शिक्षक/अधिकारी की श्रेणी का होगा और नियुक्ति की तिथि से उसकी प्रास्थिति..... (विभाग/केन्द्र/कार्यालय) में.....(पदनाम) की होगी और वह वर्तमान में ..... (विभाग/केन्द्र/कार्यालय) में नियुक्त किया गया है।

4. प्रथम पक्ष यह समझता है और इससे सहमत है कि किसी विशेष संकाय/विभाग/केन्द्र में उसकी वर्तमान नियुक्ति विश्वविद्यालय की मौजूदा जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुरूप है। विश्वविद्यालय अपने संकायों, विभागों और केंद्रों को बदलती जरूरतों, आवश्यकताओं, और परिस्थितियों के अनुसार स्थापित करने, रद्द करने, विलयित करने, पुनर्गठित करने और पुनर्नामित करने का अधिकार रखता है। प्रथम पक्ष इसे स्वेच्छा से स्वीकार करेगा और विश्वविद्यालय के किसी भी स्कूल/विभाग/केन्द्र में अपनी नियुक्ति के विषय में कोई आपत्ति नहीं करेगा।

5. पहले भाग के पक्ष को इस अनुबंध के प्रभावी होने की तिथि से .....रु के मूल वेतनमान और .....रु के ग्रेड पे के अनुसार वेतन प्रदान किया जायेगा। प्रथम पक्ष विश्वविद्यालय /सरकार के प्रभावी नियमानुसार सामान्य देय भत्ते का भी हकदार होगा।

6. पहले भाग का पक्ष अपने अनुबंध की अवधि के दौरान उस पर लागू नियमों के अनुसार अवकाश अर्जित करेगा।

7. प्रथम पक्ष के लिए यदि विश्वविद्यालय सेवा के हित में यात्रा करना आवश्यक हो तो वह विश्वविद्यालय के अपने समकक्ष अधिकारियों के ऊपर लागू यात्रा भत्ते का अधिकारी होगा।

8. इस अनुबंध को किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को अधिवर्षिता आयु की अवधि के अंदर तीन महीनों की लिखित अग्रिम नोटिस देकर कभी भी समाप्त किया जा सकता है। आगे सूच्य है कि यदि तीन महीनों का अग्रिम नोटिस न दिये जाने पर अनुबंध तोड़ने वाला पक्ष दूसरे पक्ष को तीन महीनों में जितने दिन कम पड़ रहे हों, उतने दिन की अवधि के वेतन के समतुल्य राशि देगा।

9. प्रथम पक्ष अपने ऊपर लागू होने वाले नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय भविष्य निधि/पेंशन/नई पेंशन योजना से लाभान्वित होगा।

10. परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी अन्य संस्थान में नियुक्ति विषयक प्रथम पक्ष का कोई भी आवेदन अग्रेषित नहीं किया जायेगा।

11. इस अनुबंध में यदि किसी विषय से संबंधित मामले में कोई प्रावधान नहीं किया गया है, तो उसके संबंध में इस अनुबंध के तहत भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 (बी) एवं 313 के अधीन बनाए गए नियमों या बनाए जाने वाले नियमों के प्रावधानों का सम्मान किया जायेगा। और विश्वविद्यालय सेवा के अंतर्गत शिक्षक/अधिकारी की श्रेणी में आने वाले कर्मचारियों के संबंध में विश्वविद्यालय उस विशिष्ट मामले के संदर्भ में जिन अधिनियमों या नियमों का प्रावधान करेगा वे प्रथम पक्ष की सेवा पर उसी सीमा तक लागू होंगे जिस सीमा तक अनुच्छेद 309 (बी) एवं 313 के तहत स्वीकृति होगी और उनके लागू होने की स्थिति के संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

गवाहों के साक्ष्य में *प्रथम पक्ष* .....एवं कार्य परिषद के आदेश एवं निर्देश से, उसके लिए और उसकी ओर से कार्यरत कुलसचिव.....*(नाम) यहाँ भारत गणराज्य के वर्ष..... की तिथि ..... को इस अनुबंध पर अपने–अपने हस्ताक्षर करते हैं।*

प्रथम पक्ष का हस्ताक्षर :

उपस्थित गवाह :

गवाह 1

गवाह 2

अध्यादेश संख्या 14

शिक्षक कर्मियों के अवकाश नियम

1. अवकाश विषयक सामान्य नियम

(क) कोई भी शिक्षक अधिकार के रूप में छुट्टी का दावा करने का अधिकारी नहीं है। जब उसकी या उसकी सेवाओं की अपेक्षा होगी तब अवकाश की स्वीकृति देने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसे किसी भी प्रकार की छुट्टी देने से इंकार किया जा सकता है अथवा उसकी स्वीकृत छुट्टी रद्द की जा सकती है।

(ख) यदि किसी शिक्षक को अपनी छुट्टी की समाप्ति से पहले कर्तव्य (ड्यूटी) पर वापस बुलाया जाता है, तो ड्यूटी पर वापसी का यह आदेश सभी मामलों में बाध्यकारी और अनिवार्य माना जाएगा।

(ग) इन नियमों में आये उल्लेखों के अतिरिक्त कर्तव्य (ड्यूटी) पर बिताई समयावधि के मुताबिक ही अवकाश अर्जित किया जाएगा।

(घ) जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाती तब तक कोई भी शिक्षक किसी भी प्रकार की छुट्टी का लाभ लेने का अधिकारी नहीं होगा बशर्ते कि कोई आपात स्थिति न हो या उसके नियंत्रण से बाहर का कोई कारण न हो। इसके अलावा ज्ञातव्य है कि छुट्टी का आवेदन सक्षम प्राधिकारी के पास अग्रिम रूप से पहुँचना चाहिए ताकि प्राधिकारी को छुट्टी की मंजूरी देने या छुट्टी के आवेदन को नामंजूर करने का पर्याप्त समय मिल सके।

(ङ) सामान्य नियम के मुताबिक अध्ययन अवकाश, विश्राम अवकाश (सब्बाटिकल लीव), असाधारण अवकाश जैसी दीर्घकालीन छुट्टियों का लाभ कोई शिक्षक शैक्षणिक सत्र के आरंभ के साथ ही उठाया जा सकता है। किसी भी शिक्षक को शैक्षणिक सत्र के बीच में, उसकी सातत्यता के बीच में दीर्घकालीन छुट्टी पर जाने को अग्रसर होने की अनुमति नहीं होगी।

2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बनाये गये अवकाश नियम जिन्हें समय–समय पर संशोधित किया जाता है, उन्हें विश्वविद्यालय के शिक्षकों के संदर्भ में पालित किया जायेगा।

3. अवकाश का आरंभ और समापन :

(क) अवकाश सामान्यतः उस दिन से आरंभ होता है जिस दिन से यथार्थ में उसका लाभ उठाया जाता है और जिस दिन शिक्षक अपना कार्यभार पुनः ग्रहण करता है, ठीक उससे पूर्ववर्ती दिवस को अवकाश समाप्त होता है।

(ख) विश्वविद्यालय में होने वाली लंबी छुट्टी को छोड़कर साप्ताहिक अवकाश और अन्य सार्वजनिक अवकाश को पूर्वलग्न और अनुलग्न के रूप में अवकाश के साथ संलग्न किया जा सकता है।

(ग) सामान्यतः शिक्षक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अकादमिक सत्र के अंतिम दिन और छुट्टी के बाद शुरु होने वाले नये अकादमिक सत्र के पहले दिन उपस्थिति रहे। तथापि अपवाद रूप में या किन्हीं विशेष परिस्थितियों के मद्देनज़र कुलपति द्वारा अनुमति दी जा सकती है कि आकस्मिक अवकाश को छोड़कर किसी भी अन्य प्रकार के अवकाश को दो सत्रों के बीच पड़ने वाली लंबी छुट्टी के आरंभ या अंत के साथ नत्थी किया जा सकता है।

4. अवकाश समाप्ति उपरांत कार्यभार ग्रहण :

(क) अवकाश स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी की इजाजत के अतिरिक्त किसी भी अन्य मामले में जो अवकाश स्वीकृत हुआ है, उसकी अवधि पूर्ण होने से पहले अपना कार्यभार ग्रहण नहीं कर सकता।

5. अवकाशों का संयोजन :

(क) इन नियमों में अगर अन्यथा उल्लेख न आया हो तो इन नियमों के तहत किसी भी प्रकार के अवकाश को किसी अन्य प्रकार के अवकाश के साथ या उसके सातत्य में प्रदान किया जा सकता है।

6. सेवानिवृत्ति और त्यागपत्र की तिथियों से परे अवकाश की स्वीकृति :

(क) शिक्षक की सेवानिवृत्ति की तिथि से परे जाकर कोई भी अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। आगे ज्ञातव्य है कि सेवानिवृत्ति की सामान्य आयु पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक के अवकाश खाते में जमा अर्जित अवकाश के तद्नुरूप उसे अवकाश वेतन प्रदान किया जा सकता है बशर्ते कि निम्नलिखित शर्तों की अनुपालना हो :

I. अर्जित अवकाश के अवकाश वेतन की एवज में मिलने वाले नगद भुगतान की सीमा 300 दिन होगी।

II. जहाँ एक शिक्षक उसके सेवा विषयक निबंधनों और शर्तों के तहत सेवानिवृत्ति के लिए निर्धारित सामान्य आयु पाकर सेवानिवृत्त होता है, तो अवकाश देने वाला सक्षम प्राधिकारी स्वतः स्वप्रेरणा से उस शिक्षक के अवकाश खाते में सेवानिवृत्ति के दिन तक जमा अर्जित अवकाश के समकक्ष नगद भुगतान का आदेश जारी करेगा किंतु इसप्रकार का अवकाश वेतन भुगतान अधिकतम 300 दिनों के अर्जित अवकाश के लिए ही किया जायेगा।

III. यह नगद भुगतान अर्जित अवकाश पर सेवानिवृत्ति की तिथि के दिन तक लागू अवकाश वेतन और मँहगाई भत्ते के समकक्ष होगा। कोई नगरीय प्रतिपूर्ति भत्ता और/या महँगाई भत्ता देय नहीं होगा।

IV. प्रयोग में न लाये गये अर्जित अवकाश के लिए प्रदत्त नगद भुगतान सेवानिवृत्ति के दिन तक लागू वेतन और भत्तों की दरों के अनुसार परिगणित किया जायेगा किंतु इसप्रकार का नगद भुगतान अधिकतम 300 दिनों के अर्जित अवकाश के लिए ही किया जायेगा।

V. सेवानिवृत्ति उपरांत पुनः नियुक्त किये गये शिक्षक को उसकी पुनःबहाली की समाप्ति पर अवकाश देने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वतः स्वप्रेरणा से उसकी पुनःबहाली की समाप्ति की तिथि तक उसके खाते में जमा अर्जित अवकाश के समकक्ष नगद भुगतान का आदेश जारी किया जायेगा। किंतु इसप्रकार का अवकाश वेतन भुगतान अधिकतम 300 दिनों के अर्जित अवकाश के लिए ही किया जायेगा। इन 300 दिनों में वह अवधि भी शामिल होगी जिसके लिए सेवानिवृत्ति की तिथि के दिन शिक्षक नगद भुगतान का अधिकारी था।

VI. एक शिक्षक अपने खाते में जमा अर्जित अवकाश के एक हिस्से का इस्तेमाल सेवानिवृत्ति की तैयारी करने के लिए अवकाश के रूप में कर सकता है। इस मामले में भी वह सेवानिवृत्ति के दिन तक अपने अवकाश खाते में शेष रहे अर्जित अवकाश के लाभ विषयक इस नियम का हकदार होगा बशर्ते कि इस नियम के अनुबंधित निबंधनों और शर्तों की पालना की जाये।

VII. जहाँ एक शिक्षक सेवानिवृत्ति के लिए निर्धारित सामान्य आयु पाकर सेवानिवृत्त होता है, तो अवकाश देने वाला सक्षम प्राधिकारी अर्जित अवकाश के समतुल्य नगद भुगतान पर उस स्थिति में आंशिक या पूर्ण रोक लगा सकता है जब कि वह शिक्षक निलंबन पर हो अथवा उसके खिलाफ अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्रवाही लंबित हो और इसके चलते सक्षम प्राधिकारी का यह मानना हो कि कार्रवाही की समाप्ति पर दंड स्वरूप शिक्षक से कुछ राशि प्रतिलभ्य हो सकती है। कार्रवाही की समाप्ति पर अगर कुछ विश्वविद्यालय को देय निकलता है तो उसके समायोजन उपरांत वह शिक्षक उस राशि को पाने का हकदार होगा जो रोक दी गई थी।

7. एक प्रकार के अवकाश का दूसरे प्रकार के अवकाश में रूपांतरण :

(क) शिक्षक के अनुरोध पर अवकाश स्वीकृत करने वाला प्राधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश को अनुदर्शी रूप से अन्य प्रकार के अवकाश में रूपांतरित कर सकता है जो जिस समय अवकाश स्वीकृत किया गया, उस समय शिक्षक को देय हो और उसके लिए लागू हो। किंतु शिक्षक यह दावा नहीं कर सकता कि इसप्रकार का रूपांतरण उसका अधिकार है।

(ख) यदि एक प्रकार के अवकाश को दूसरे प्रकार के अवकाश में रूपांतरित किया जाता है तो शर्त यह है कि अंततः जो अवकाश शिक्षक के लिए स्वीकृत होता है, उसके आधार पर वेतन आदि का समायोजन किया जाये। इसका मतलब हुआ कि जो भी अतिरिक्त वेतन शिक्षक को दिया गया है, उसे वसूला जायेगा और जो भी अतिरिक्त उसे देय है, वह उसे दिया जायेगा।

(ग) चिकित्सकीय आधार पर दिये गये असाधारण अवकाश को अनुदर्शी रूप से नियम संख्या 9 के प्रावधानों के तहत अन—अर्जित अवकाश में रूपांतरित किया जा सकता है।

8. चिकित्सकीय आधार पर लिये गये अवकाश उपरांत पुनः कार्यभार ग्रहण करना :

(क) चिकित्सकीय प्रमाणपत्र के आधार पर जिस शिक्षक को अवकाश प्रदान किया गया है, उससे यह अपेक्षा की जाती है कि पुनः कार्यभार ग्रहण से पूर्व वह तंदुरुस्ती विषयक एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे जो निर्धारित व्यक्ति द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया हो।

(ख) जब चिकित्सकीय आधार पर कोई शिक्षक तीन दिन से कम अवधि के लिए एक बार में अवकाश पर रहा हो तो सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक से उसे चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने से छूट दे सकता है। तथापि ऐसा अवकाश फिर चिकित्सा प्रमाणपत्र आधारित अवकाश के रूप में परिगणित नहीं किया जायेगा बल्कि इसे आवेदक शिक्षक के अवकाश खाते में दर्ज़ अन्य प्रकार के अवकाशों में से घटा दिया जायेगा।

9. अवकाश के दौरान वेतन वृद्धि :

(क) यदि वेतन वृद्धि की तिथि आकस्मिक अवकाश या विशेष आकस्मिक अवकाश से इतर किसी अन्य प्रकार के अवकाश के दरमियान पड़ती है तो शिक्षक के पुनः अपने कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वेतन वृद्धि प्रभावी होगी और इस संदर्भ में शिक्षक की वेतन वृद्धि की सामान्य तिथि को लेकर किसी प्रकार का पक्षपात नहीं किया जायेगा।

(ख) किसी भी स्थायी शिक्षक को तीन साल से ज्यादा सतत् समय के लिए किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं दिया जायेगा।

(ग) जब एक शिक्षक विदेश सेवा में होने या निलंबित होने की स्थितियों को छोड़कर तीन साल की सतत् अवधि वाले अवकाश का लाभ उठाने के उपरांत कार्यभार पुनः ग्रहण नहीं करता अथवा कोई कर्मचारी अवकाश समाप्ति उपरांत भी अपने कार्य पर अनुपस्थिति रहता है और जिस अवधि के लिए उसे अवकाश दिया गया है, उस अवधि सहित किसी भी अन्य अवधि को मिलाकर उसकी अनुपस्थिति अगर तीन साल की सीमा पार कर जाती है तो उसकी लियन समाप्त मान ली जायेगी और उसकी विश्वविद्यालयी सेवा समाप्त हो जायेगी। शर्त यही है कि किन्हीं विशेष परिस्थितियों के मद्देनज़र कार्य परिषद् ने इस मामले में कुछ अतिरिक्त निर्णय न लिया हो।

10. अवकाश समाप्ति उपरांत भी अनुपस्थित रहना :

(क) अगर सक्षम प्राधिकारी स्वीकृत अवकाश में इजाफा करने की अनुमति नहीं देता तो स्वीकृत अवकाश की समाप्ति पर भी अनुपस्थित रहने वाला विश्वविद्यालय कर्मचारी इसप्रकार की अनुपस्थिति वाली अवधि के लिए अवकाश वेतन का हकदार नहीं होगा। और यह अवधि उसके अवकाश खाते से अर्द्ध वेतन अवकाश के रूप में काट ली जायेगी एवं देय अर्द्ध वेतन अवकाश से ज्यादा की अनुपस्थिति असाधारण अवकाश में परिगणित की जायेगी।

(ख) आकस्मिक अवकाश और प्रतिपूरक अवकाश के अतिरिक्त अन्य प्रकार के अवकाशों के लिए हर शिक्षक के अवकाश खाते का रखरखाव कुलसचिव के कार्यालय में किया जायेगा।

(ग) शिक्षक को स्वीकृत अर्जित अवकाश, अर्द्ध वेतन अवकाश के आदेश यहाँ के उपरांत उसके खाते में जमा अवकाश के रूप में सूच्य होंगे।

11. अवकाश वेतन :

(क) इन नियमों में उल्लेखित अपवादों के अतिरिक्त एक शिक्षक अपने अर्जित अवकाश के दौरान उतने अवकाश वेतन का अधिकारी है जितना वेतन उसने अवकाश पर जाने से तुरंत पहले प्राप्त किया था।

(ख) अर्द्ध वेतन अवकाश या अन–अर्जित अवकाश के दौरान एक शिक्षक उप नियम (1) में उल्लेखित राशि की अर्द्ध राशि अवकाश वेतन के रूप में पाने का हकदार है।

(ग) परिवर्तित अवकाश के दौरान एक शिक्षक उप नियम (1) में उल्लेखित राशि के समकक्ष राशि अवकाश वेतन के रूप में पाने का हकदार है।

(घ) असाधारण अवकाश के दौरान एक शिक्षक कोई अवकाश वेतन पाने का हकदार नहीं है।

(ङ) अगर एक शिक्षक को सेवानिवृत्ति या सेवा त्याग की तिथि (जैसा भी किसी मामले में लागू होता है) से परे जाकर अवकाश दिया जाता है, तो वह इस अवधि के दौरान नियमों के तहत इसप्रकार के अवकाश की संपूर्ण अवधि के लिए एकमुश्त भुगतान का हकदार होगा। किंतु यह भुगतान पेंशन और पेंशन सदृश्य अन्य प्रकार के सेवानिवृत्ति लाभों को घटाकर किया जायेगा।

(च) जहाँ इसप्रकार का शिक्षक ऐसे अवकाश के दौरान पुनः नियुक्त कर दिया जाता है तो उसका अवकाश वेतन अर्द्ध वेतन की स्थिति में लागू अवकाश वेतन के परिमाण तक प्रतिबंधित कर दिया जायेगा एवं इस वेतन में से पेंशन और पेंशन सदृश्य अन्य प्रकार के सेवानिवृत्ति लाभों को घटा दिया जायेगा। इस शिक्षक के समक्ष विकल्प होगा कि वह अवकाश का लाभ चाहता है या पूर्ण पेंशन लाभ का आकांक्षी है।

12. अग्रिम अवकाश वेतन :

(क) अग्रिम अवकाश वेतन उसी शिक्षक को दिया जाता है जो कम से कम तीस दिनों के अवकाश पर जा रहा हो। इस अग्रिम अवकाश वेतन में जहाँ भत्तें शामिल होंगे वहीं आयकर, भविष्य निधि, आवासीय किराया और अग्रिम की वसूली विषयक कटौतियाँ भी शामिल होंगी।

(ख) यदि किसी मामले में कोई शिक्षक सेवारत रहते हुए गुजर जाता है तो अवकाश वेतन के समकक्ष नगद का भुगतान जो उस शिक्षक के संदर्भ में देय और लागू होता है, उसे शिक्षक के देहांत तिथि के बाद वाली तिथि को उसके परिवार को कर दिया जायेगा बशर्ते कि अधिकतम भुगतान देय अर्जित अवकाश 300 दिनों की सीमा पार न करे। ज्ञातव्य ही है कि अगर वह शिक्षक अर्जित अवकाश पर गया होता तो अवकाश वेतन प्राप्त करता। इसके अतिरिक्त यह भी ज्ञातव्य है कि अर्जित अवकाश के समतुल्य भुगतान से मृत्यु सह सेवानिवृत्ति वाली पेंशन और ग्रेच्युटी विषयक कटौतियाँ नहीं की जायेंगी।

(ग) संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान अधिकतम 180 दिनों के अर्द्ध वेतन अवकाश को परिवर्तित अवकाश में बदलने का अधिकार रहेगा जहाँ ऐसे अवकाश का इस्तेमाल स्वीकृत अध्ययन पाठ्यक्रम हेतु किया जाता है। अवकाश की स्वीकृति देने वाले प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जायेगा कि ऐसा पाठ्यक्रम सार्वजनिक हित का है।

13. परिवीक्षा पर नियुक्त अध्यापक :

(क) स्थायी रिक्ति के स्थान पर परिवीक्षा पर नियुक्त एक शिक्षक जो परिवीक्षा के अनुबंधों से बंधा होता है, वह परिवीक्षा की अवधि के दौरान उन तमाम अवकाशों को प्राप्त करने का हकदार होता है जिन्हें वह उस पद पर स्थायी रूप से नियुक्त कर्मचारी के रूप में पाता।

(ख) अगर किसी भी कारण से परिवीक्षार्थी की सेवाएँ समाप्त करने का प्रस्ताव रखा जाता है तो जो भी अवकाश उसे स्वीकृत किया गया है, वह अवकाश उस पूर्ववर्ती तिथि से परे नहीं जाना चाहिए जिस तिथि को परिवीक्षा अवधि समाप्त होती है या जिस तिथि को कार्य परिषद् के आदेशानुसार उसकी सेवाएँ समाप्त कर दी जाती हैं।

(ग) जो पद स्थायी रूप से रिक्त नहीं है, उस पर परिवीक्षार्थी के रूप में किसी शिक्षक की नियुक्ति होती है तो जब तक उसके स्थायीत्व की संस्तुति नहीं होती तब तक अवकाश प्रदान करने के विषय में उस शिक्षक को अस्थायी माना जायेगा।

(घ) यदि इस विश्वविद्यालय में स्थायी रूप से सेवारत कोई व्यक्ति किसी उच्च पद पर प्रतिनियुक्ति पर जाता है तो वह अपनी परिवीक्षा अवधि में अपने स्थायी पद के लिए लागू अवकाश के नियमों के लाभ से वंचित नहीं किया जायेगा।

14. अस्थायी शिक्षक :

(क) इस विश्वविद्यालय में अस्थायी रूप से नियुक्त शिक्षक अवकाश और वार्षिक वेतन वृद्धि के उन तमाम लाभों का हकदार होगा जिन्हें स्थायी शिक्षक प्राप्त करते हैं।

अनुलग्नक – I

कुलपति कार्यालय
महात्मा गाँधी केंद्रीय विभवविद्यालय बिहार, मोतिहारी, जिला : पूर्वी चंपारण, बिहार
अध्ययन अवकाश हेतु इकरारनामे का प्रपत्र

महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार, मोतिहारी, जिला : पूर्वी चंपारण, बिहार के कर्मचारी द्वारा इकरारनामे का एक प्रपत्र प्रस्तुत किया जाना है। यह इकरारनामा 10/– रुपये मूल्य के गैर न्यायिक स्टांप पत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना है। (स्टांप अधिनियम के मुताबिक अगर इकरारनामे का मूल्य 1000/– रुपये है तो स्टांप 10/– रुपये मात्र का लगेगा। किंतु अगर यह ज्यादा है तो 1000/– रुपये से ज्यादा के प्रति 500/– रुपयों पर 5/– रुपये का स्टांप लगेगा।)

